# महिलाएं सड़क पर उतरीं, पुलिस बल तैनात

## मोरवन में फैक्ट्री विरोध हिंसक



**नीमच,06 नवम्बर. जिले की जावद तहसील के मोरवन में 350 करोड़ रुपए की टेक्सटाइल फैक्ट्री के विरोध में चल रहा आंदोलन गुरुवार को हिंसक हो गया.**

सुबह सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं 'फैक्ट्री हटाओ, बांध बचाओ' के नारे लगाते हुए तख्तियां लेकर सडक़ों पर उतरीं. यह विरोध शुरुआत में शांतिपूर्ण था, लेकिन दोपहर तक स्थिति तनावपूर्ण हो गई. प्रदर्शनकारी महिलाएं जब फैक्ट्री निर्माण स्थल की ओर बढ़ीं, तो पुलिस और प्रशासन ने उन्हें रोकने का प्रयास किया. इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प हुई और हालात बिगड़ गए. भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पास खड़े वाहनों में तोड़फ़ोड़ की और कई गाडियों के शीशे तोड़ दिए. फैक्ट्री परिसर के आसपास का इलाका नारेबाजी और हंगामे से गूंज उठा, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई. मोरवन और आसपास के गांवों की महिलाओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने किसानों की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए 350 करोड़ रुपए की सुविधी रेयॉन्स प्राइवेट लिमिटेड को मंजूरी दी है. उनका कहना है कि यह फैक्ट्री जिस जमीन पर बन रही है, वह खेती और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है. ग्रामीणों को आशंका है कि इससे जलस्तर प्रभावित होगा और आसपास के खेतों की उर्वरता भी कम हो जाएगी.

### किसान नेता हिरासत में

घटना के बाद प्रशासन ने इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधिकारी और बल बुलाए गए हैं. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे किसान नेता राजकुमार अहीर और पूरणमल अहीर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है.

### छह सप्ताह से जारी विरोध

मोरवन में यह विरोध पिछले तीन सप्ताह से जारी है. अब महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी से यह आंदोलन और व्यापक हो गया है. प्रदर्शनकारी महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार और जिला प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है.

# जादू टोना के शक में की थी वृद्ध की हत्या

**पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर किया केस का खुलासा**

**छिंदवाड़ा. जादू टोना के शक में वृद्ध के सिर में लोहे की राड़ मार कर उसकी हत्या कर दी गई थी. उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या के मामले का खुलासा किया है.**

पुलिस ने बताया कि 25 अक्टूबर को ग्राम खुनाझिर खुर्द निवासी मृतक प्रताप पिता बल्जु धुर्वे 65 वर्ष का शव उसके ही खेत में बने मकान में खून से लतपथ अवस्था में पड़ा हुआ पाया गया था. परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी और घटना स्थल पर शव को देखने के बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया था. मामले की जांच में जुट गई थी जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की और ग्राम तिवड़ाकामथ निवासी संदेही पुरूषोत्तम पिता झलाराम को पकडकर आरोपी पुरूषोत्तम भलावी से पूछताछ की तो आरोपी पुरूषोत्तम ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई उत्तम करीब 8-10 साल पहले पागल हो गया और घर छोड़कर कही चला गया. अभी कुछ दिन पहले उसकी भतीजी भी घर छोड़कर चली गई थी.

आरोपी को जानकारी लगी कि मृतक प्रताप घर बांधने का काम और जादू टोना करता है. जिसे कुछ दिन पहले घर के आस पास भी रात के समय में देखा था. जिस कारण आरोपी द्वारा मृतक प्रताप धुर्वे जादू टोना करने का संदेह हुआ. आरोपी पुरूषोत्तम ने घर में रखी लोहे की राड से 24 अक्टूबर की रात मृतक प्रताप धुर्वे को लोहे की राड से सिर में मारकर हत्या कर दिया.

### बेडरूम में पति, तो किचन में मिली पत्नी की लाश

**बालाघाट.** 6 नवंबर को एक दंपति के शव उनके घर में मिले हैं. मामला जिले के कटंगी मुख्यालय के वार्ड नंबर 2 का है. यहां निवासी रमेश हाके और उनकी पत्नी की गुरुवार को उन्हीं के घर से लाश बरामद की गई है. दोनों का गला धारदार हथियार से काटा गया नजर आ रहा है. प्राथमिक जांच में मामला हत्या का लग रहा है. बताया जा रहा है कि बालाघाट के रमेश हाके इरिगेशन डिपार्टमेंट में ड्राइवर था जो 4 साल पहले रिटायर हुआ था. पति बेडरूम में व पत्नी की लाश किचन में मिली है. डॉग स्क्वायड और मौक़े से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर पुलिस जांच कर रही है.

# ग्राहकों को लेकर दो दुकानदारों में विवाद

**मारपीट और गर्म तेल से झुलसे दुकानदार, अस्पताल में भर्ती**



**नीमच,06 नवम्बर. बघाना थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी कृषि उपज मंडी गेट पर गुरुवार सुबह ग्राहकों को लेकर दो दुकानदारों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला हाथापाई में बदल गया.**

इस दौरान गरम तेल गिर जाने से दोनों पक्षों के लोग झुलस गए. घटना में कुल तीन लोग घायल हुए हैं जिन्हें जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया.जानकारी के अनुसार, बघाना निवासी दीपक पिता राजेन्द्र पुरोहित (35) ने बताया कि वह अपने भाई पवन पुरोहित के साथ दुकान पर मौजूद था, तभी पास की दुकान पर बैठे अनिल जैन पिता लाभचंद जैन व उनके पुत्र अमन और नमन से ग्राहकों को लेकर विवाद हो गया. आरोप है कि विवाद के दौरान अनिल जैन और उनके बेटों ने हमला कर दिया और गर्म तेल गिरने से दीपक झुलस गया, जबकि उसके भाई पवन को भी चोट आई.

### दुकान में की तोड़फोड़

वहीं, दूसरे पक्ष अनिल जैन ने बताया कि सुबह दुकान पर दीपक और पवन पुरोहित से ग्राहकों को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद दोनों भाइयों ने उनकी दुकान में घुसकर तोडफ़ोड़ की और मारपीट की. इस दौरान उनके सिर में चोट आई, जबकि बेटा नमन गर्म तेल से झुलस गया. मारपीट की इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. दोनों पक्षों के घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है. सूचना मिलने पर बघाना थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतें दर्ज कर लीं. पुलिस ने एक-दूसरे पर लगाए गए.

## मां को मारा चाकू, बेटे को पीटा

**जबलपुर.** बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी. बीच बचाव करने पहुंची मां पर चाकू से हमला कर भाग गए. गीता पवार निवासी नेता कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि में बेटा जितेन्द्र कदीर होटल के पास खड़ा था तभी राकेश बघेल, राजा बघेल, जितेन्द्र से शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, जितेन्द्र ने रूपये देने से मना किया तो दोनों जितेन्द्र के साथ विवाद करने लगे, वह एवं उसकी बेटी कविता, पहुॅचे तो दोनों लड़के जितेन्द्र के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर रहे थे, वह बीच बचाव करने लगी तो राजा बघेल ने चाकू से हमलाकर उसकी पसली में चोट पहुॅचा दी दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये.

# कल्ली, योगी गैंग से पुलिस की मुठभेड़, 2 जवान घायल

**डकैत मंदिर पर थे, पुलिस पहुंचते ही हुई फायरिंग**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,06 नवम्बर. एक महीने से परेशान किए हुए डकैत गैंग को आखिर पुलिस ने घेर ही लिया पर किस्मत ने इस बार भी डकैतों का साथ दिया. दोनों तरफ से गोलीबारी हुई.**

घनी रात, घना जंगल डकैतों के लिए मददगार साबित हुआ. वे इस बार मौके का फायदा उठाकर भाग निकले पर अपने पीछे काफी सारे सबूत छोड़ गए हैं, जिन्हें समेट कर पुलिस ने नामजद डकैतों के खिलाफ बीएनएस की धारा हत्या के प्रयास के साथ-साथ अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है.पुलिस को छका रही कल्ली गुर्जर, योगी की गैंग रात गुजारने के लिए एक मंदिर पर पहुंची ही थी कि किसी ने जाकर पुलिस के कान में फूंक दिया कि यदि तुरंत ही पुलिस एक्शन ले तो डकैत गैंग को पटका जा सकता है. बस फिर क्या था, सूचना मिलते ही पुलिस फौरन से पेश्तर हरकत में आई तो उस मंदिर तक पहुंचने की तैयारी शुरु कर दी जहां डकैतों के पनाह लिए जाने की सूचना थी.

पुलिस पार्टी को मंदिर में कल्ली उर्फ किलेदार गुर्जर, योगी उर्फ योगेंद्र गुर्जर, रामवृज गुर्जर और रवि गुर्जर तो मंदिर में लगी लाइट की रोशनी में साफ-साफ दिख गए. एक अन्य बदमाश भी इनके साथ था. डकैतों की ओर से पुलिस पर 17 राउंड फायर किए गए. पुलिस ने चले हुए खोखे बरामद कर लिए हैं. फायरिंग में बेहट थाना प्रभारी महावीर सिंह, आरक्षक अरविंद चकवा के शरीर से खून भी निकला.

### पुलिस ने डकैतों को रात में ही घेर लिया

इस गैंग के विश्वमित्र मंदिर पर होने की खबर थी. पुलिस के पास रात में दस बजे यह खबर पहुंची थी और इसके बाद थाना प्रभारी महावीर सिंह गुर्जर अपने साथ पुलिस फोर्स को लेकर पैदल-पैदल निकले और रात तीन बजे जमरोहा स्थित इस मंदिर की तीन तरफ से घेराबंदी की. पुलिस ने डकैतों को घेरने के बाद चेतावनी दी कि आप लोग सभी तरफ से घिर गए हो, बेहतर होगा कि आप सरेंडर कर दें. इसके जवाब में पुलिस वालों को डकैतों की ओर गालियां सुनने को मिलीं. इसके बाद डकैतों ने मंदिर की छत पर पहुंचकर फायरिंग शुरु कर दी. पुलिस पार्टी भी घातक हथियारों से लैस थी. डकैतों की फायरिंग देख पुलिस वालों ने भी उन पर इंसास से लेकर एके-47 तक से फायर किया. पिस्टल से भी पुलिस वालों ने गोलियां चलाई और जब डकैतों को दिखा कि पुलिस तो जान ही ले लेगी तो उन्होंने भागने में ही भलाई समझी और रात के अंधेरे में कूदते-फांदते गायब हो गए.

## एक नजर में

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम चार चरणों में होंगे कार्यक्रम

**आलीराजपुर ,06 नवम्बर.** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को देश भर में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है. यह निर्णय निश्चित ही भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की भूमिका और इसकी स्थायी सांस्कृतिक विरासत के महत्व को प्रदर्शित करता है. वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत वर्षभर विविध गतिविधियां चार चरणों में होगी . प्रथम चरण 07 से 14 नवम्बर 2025 (शुभारंभ), द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 01 से 07 नवम्बर 2026 (समापन सप्ताह) में व्यापक रूप से आयोजित किया जाएगा . इस आयोजन में सभी स्तरों पर आम नागरिकों की सहभागिता के साथ-साथ विद्यालयीन-महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएँ, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, पुलिसकर्मियों, डॉक्टर्स, शिक्षकों, व्यवसायीगण एवं अन्य सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी.

### स्वरोजगार मेले में 88 प्रतिभागी हुए चयनित

**रतलाम,06 नवम्बर.** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रतलाम में युवा संगम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला का अयोजन हुआ. जिसमे भाग लेने वाली कुल 16 कंपनियों द्वारा निर्धारित मापदंड एवं इंटरव्यू के उपरांत कुल 88 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया, जिसमें से 3 कंपनियों द्वारा 23 प्रतिभागियों को अप्रेंटिसशिप हेतु चयनकिया गया . चयनित प्रतिभागियों को संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक एच. के. बाथम द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किये गये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई . जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जिला रतलाम की प्रबंधक श्रीमती आयुषी बैरागी एवं सहायक प्रबंधक विजेंद्र आचार्य द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि योजनाओं के कुल 475.85 लाख की राशि के स्वीकृत लोन के 131 स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को वितिरत किये गये तथा जिले में संचालित लोन से संबंधित समस्त योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई .

### विधायक विस के कामकाज से हुए वाकिफ

**सिंगरौली 6 नवम्बर.** मप्र विधानसभा की प्रश्न संदर्भ समिति असम के दौरे पर है और इस समिति में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह शामिल हैं. जहां समिति ने असम विधानसभा की कार्य पद्धति को वारिकियों से देखा. दरअसल म.प्र. विधानसभा की प्रश्न संदर्भ समिति के दौरे पर है और इस समिति में सिंगरौली विधायक भी शामिल हैं. जहां समिति ने असम विधानसभा के कार्यप्रणाली का विस्तार रूप से अध्ययन किया और विधायक ने इस संबंध में बताया कि असम विधानसभा में एक ऐसी समिति कार्य कर रही है, जहां युवा बेरोजगारों को सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार दिलाने के लिए अनुशंसा करती है. म.प्र. में ऐसी समितियां गठित करने पर विचार करते हुये जोर दिया जाएगा. इसके अलावा अन्य बिन्दुओं को भी देखा व परखा भी है.



**जुलूसों एवं बारातों के चलते शहर में हर तरफ सड़कें जाम**

**ग्वालियर.** धार्मिक कार्यक्रमों एवं शादी बारातों के चलते गुरुवार को शहर की कई व्यस्त सड़कों पर ट्रैफिक जाम के हालात बन गए हैं. डीडवाना ओली से सराफा बाजार तक ट्रैफिक जाम हो गया है. इसके बाद लोगों ने इस ट्रैफिक जाम से बचने के लिए दूसरे रास्तों का उपयोग किया, लेकिन देखते-देखते अन्य सड़कों पर भी ट्रैफिक जाम हो गया.

# 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप हुआ अधीक्षक

**रिटायर्ड शिक्षक से जीपीएफ क्लियर करने मांगे थे रुपए**

**सीधी,06 नवम्बर. लोकायुक्त रीवा की टीम ने एक छात्रावास अधीक्षक को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया. यह रिश्वत रिटायर्ड शिक्षक से जीपीएफ फाइल क्लियर करने के एवज में ली जा रही थी.**

यह कार्रवाई सिहावल के अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास क्रमांक 2 में की गई. मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अधीक्षक अशोक पाण्डेय ने हाल ही में रिटायर हुए शिक्षक वशिष्ठ मुनि द्विवेदी निवासी टिकरी, थाना मड़वास से दस हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी. वशिष्ठ मुनि द्विवेदी इसी छात्रावास में शिक्षक के रूप में पदस्थ थे और चार महीने पहले ही रिटायर हुए थे. अधीक्षक ने उनकी जीपीएफ फाइल क्लियर करने के बदले यह राशि मांगी थी.शिकायत मिलने पर लोकायुक्त रीवा की टीम ने पहले गोपनीय जांच की, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई. इसके बाद आज दोपहर लगभग एक बजे 12 सदस्यीय टीम ने सिहावल पहुंचकर ट्रैप ऑपरेशन चलाया.

शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह तय रकम लेकर अधीक्षक के पास पहुंचे तो वह उस समय परिसर में कुछ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. पत्रकारों की मौजूदगी देखकर अधीक्षक ने रुपए लेने से बचने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पहले से घेराबंदी कर रखी थी. थोड़ी ही देर में लोकायुक्त ने अधीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया. अशोक पाण्डेय ने गिरफ्तारी के बाद अपनी फोटो और वीडियो सार्वजनिक न करने का अनुरोध किया, जिसके चलते लोकायुक्त टीम ने आरोपी के कोई विजुअल जारी नहीं किए हैं.

लोकायुक्त रीवा निरीक्षक उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि अधीक्षक अशोक पाण्डेय को 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है. शिकायत की पुष्टि होने के बाद ही कार्रवाई की गई. फिलहाल आरोपी से पूंछताछ जारी है.

## शराब का अवैध परिवहन करते 2 आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर,06 नवम्बर.** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामनगर पुलिस ने बोलेरो वाहन से 150.840 लीटर शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के अनुसार 5 नवम्बर को रात्रि गश्त में मुखबिर से सूचना पर पुलिस स्टेडियम तिराहा राजनगर के पास नाकाबंदी की गई. जहां पुलिस ने बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 16 बी 3956 को आते हुए देखा. लेकिन वाहन का चालक पुलिस देखकर वाहन तेज रफ्तार से भगाने का प्रयास किया.जहां वाहन अनियंतत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई. वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे 16 खाखी रंग के कार्टून 150.840 लीटर से अंग्रेजी शराब बरामद की गई.

# 58 शीशी अवैध नशीली सिरप जब्त, ढाबा संचालक गिरफ्तार

**रीवा, 6 नवम्बर, आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत जिले भर में अवैध नशीली कफ सिरप के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है.**

चोरहटा पुलिस ने किटवरिया बाईपास के पास स्थित कालिका होटल में दबिश देकर नशीली कफ सिरप जप्त की है. ढ़ाबे के अंदर पानी के जार में छिपाकर नशीली कफ सिरप रखी गई थी. आरोपी ढ़ाबो संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है. चोरहटा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर कार्यवाही की है. थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बतायाकि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम किटवरिया बाईपास रोड कालिका होटल का संचालक श्रवण कुमार शुक्ला उर्फ रिंकू अपने ढाबे से अवैध नशीली कफ सिरफ (कोरेक्स) का विक्रय कर रहा है. सूचना पर कालिका ढाबा किटवरिया बाईपास रोड पहुचकर ढाबे की तलाशी ली गई तो ढाबे के अन्दर वाले कमरे में पानी के जार में नशीली कफ सिरप कुल 58 नग भरी शीशी मिली. जिसे जप्त कर आरोपी श्रवण कुमार शुक्ला उर्फ रिंकू पिता नेत्रनारायण शुक्ला उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम अमवा थाना चोरहटा हाल संचालक कालिका ढाबा किटवरिया बाईपास रोड थाना चोरहटा को मौके पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया.

## गांजा का व्यापार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा.** नागपुर से छिंदवाड़ा लाकर गांजा का व्यापार करने वाले आरोपी को देहात पुलिस ने रिंग रोड़ के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से 500 ग्राम गांजा जब्त किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 नवंबर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गुलाबरा का रहने वाला प्रकाश उर्फ गुड्डा पिता अन्नू उईके 48 वर्ष गुलाबी रंग की शर्ट और सफेद पेंट पहना है अपने पास एक सफेद कलर के थैला मे अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा लेकर पोआमा बस्ती पानी टंकी के नीचे खड़ा है. गांजा बेचने की फिराक में है. सूचना मिलने पर पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची और पुलिस ने आरोपी प्रकाश उर्फ गुड्डा उइके को अभिरक्षा में लेकर उसके पास से 500 ग्राम गांजा जप्त कर लिया.

# पूर्व राष्ट्रपति कोविंद करेंगे साहित्य परिषद के अधिवेशन का शुभारंभ

**अभा साहित्य परिषद का तीन दिवसीय अधिवेशन आज से**



**रीवा, 6 नवम्बर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद का 17वां अखिल भारतीय अधिवेशन रीवा में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में सात नवम्बर से नौ नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है.**

अधिवेशन के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ सुशीलचन्द्र त्रिवेदी मधुपेश करेंगे. समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. रीवा में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अधिवेशन में एक हजार से अधिक साहित्यकार और विद्वान शामिल हो रहे हैं. अधिवेशन के संबंध में संयोजक चन्द्रकांत तिवारी महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद महाकौशल प्रांत ने बताया कि सात नवम्बर को दोपहर एक बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा. इसके बाद शाम 5.30 बजे कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम से शोभा यात्रा निकाली जाएगी.

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौके पर मौत

**सौसर 6 नवम्बर.** रामाकोना के पास हाइवे पर गुरुवार रात आठ बजे के आसपास हुई एक सड़क दुर्घटना में एक 32 साल के युवक की मौके पर मौत हो गई. मृतक की शिनाख्त रामाकोना निवासी नीलेश पिता लीलाधर बरदे के रूप में हुई. जानकारी के मुताबिक घटना के दौरान नीलेश अपने गांव वापस आ रहा था इस बीच विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक को जोरदार टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना इतनी भीषण थी कि नीलेश की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई. बहरहाल नीलेश की दुर्घटना में मौत की खबर से उसके गांव में माहौल गमगीन हो गया. पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

**प्रदर्शन** पूर्व मंत्री के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने धरना

# प्राकृतिक आपदा की दोहरी मार से टूटे किसान : कमलेश्वर



**सीधी,06 नवम्बर. प्रदेश का किसान आज गहरे संकट में है. सरकार की नीतियों और प्राकृतिक आपदाओं की दोहरी मार से किसान टूट चुका है. जब तक किसानों को उनका हक़ और सम्मान नहीं मिलेगा, कांग्रेस पार्टी उनकी आवाज बुलंद करती रहेगी.**

यह बातें कलेक्ट्रेट के सामने वीथिका भवन प्रांगण में कांग्रेस की ओर से आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कही. सीधी, सिहावल, सिंगरौली सहित पूरे रीवा और शहडोल संभाग के किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया था. इस आंदोलन में हजारों की संख्या में किसान साथी शामिल हुए, जिन्होंने भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर आवाज उठाई. प्रदर्शन के बाद कमलेश्वर पटेल ने एडीएम सीधी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. सौंपे गए ज्ञापन में शामिल 9 सूत्रीय मांगों में प्रदेश के किसानों की ज्वलंत समस्याओं और उनकी मांगों को विस्तार से रखा गया.

ज्ञापन में शामिल मांगों में साइक्लोन मोंथा से प्रभावित सभी क्षेत्रों में तत्काल विस्तृत सर्वे कर प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा और राहत राशि प्रदान की जाए. जिन किसानों पर कर्ज का बोझ है उनके ऋण पर तत्काल मोराटोरियम लगाया जाए ताकि वे पुन: खेती आरंभ कर सकें. प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता के साथ खाद, बीज और कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जाएँ. केंद्र सरकार से विशेष राहत पैकेज की घोषणा कराई जाए ताकि प्रदेश के किसानों को शीघ्र आर्थिक सहायता मिले. किसानों पर मनमाने एवं अत्यधिक बिजली बिलों की वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए और नियमित, पारदर्शी बिल प्रणाली लागू की जाए. राज्य सरकार स्वयं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की खरीद सुनिश्चित करेय किसानों की उपज एफसीआई द्वारा न खरीदी जाए. आवारा पशुओं से फसलों को बचाने हेतु उच्चस्तरीय समिति गठित की जाए. बाणसागर नहरों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि सिंचाई जल प्रवाह बाधित न हो. भूमिहीन किसानों का विधिवत सर्वे कर उन्हें भी सरकारी योजनाओं एवं फसल मुआवजे में शामिल किया जाए.

# नर्मदापुर में दबिश देकर आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**महिला की आपत्तिजनक फोटो किया की थी पोस्ट**

**छिंदवाड़ा,06 नवम्बर. महिला की आपत्तिजनक फोटो तैया कर सोशल मीडिया में पोस्ट करने वाले आरोपी को जुन्नारदेव पुलिस ने नर्मदापुर में दबिश देकर गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने बताया कि गत दिवस एक महिला शिकायत की थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम की फर्जी इंस्टाग्राम और फेसबुक आईडी बनाकर उसमे उसी महिला की फोटो लगाकर फोटो में अश्लील और आपत्तिजनक शब्द तथा मोबाइल नंबर लिखकर अपलोड कर रहा है. जिससे अज्ञात लोगो के द्वारा फोन लगाकर परेशान किया जा रहा है और समाज मे उसकी बदनामी हो रही है. महिला की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए साइबर सेल से जांच कराया और फर्जी आइडी बनाने वाले अज्ञात व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त कर ली वही आरोपी के खिलाफ केस पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश में जुट गई. पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बघेल के द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाने से उपनिरीक्षक मुकेश डोंगरे, आरक्षक अनिल उइके की टीम को जिला नर्मदापुरम भेजा गया.